कार्यालय, प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय जक्खिनी, वाराणसी

दिनांक - 02.07.2026

बी0एससी0 (आनर्स) कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र

भरने एवं प्रवेश संबंधी सूचना।

महाविद्यालय में बी0एससी0 (आनर्स) कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु इच्छुक छात्र/छात्राएं जो इण्टरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं, उनके लिए बी0एससी0 (आनर्स) कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश के लिए आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरने की पूर्व में घोषित अंतिम तिथि 30.06.2026 तक थी जिसे महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ के समर्थ पोर्टल पर कृषि विषय के विशंगति के कारण फार्म भरने में अवरोध आ रहा था | इस अवरोध को दूर कर दिया गया है साथ ही फार्म भरने की अंतिम तिथि 11.07.2026 तक विस्तारित किया जाता है।

छात्र/छात्राएं ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरकर उसकी हार्डकॉपी 12.07.2026 तक महाविद्यालय में अवश्य जमा कर दें।

- **बी0एससी0 (आनर्स) कृषि प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश हेतु आरक्षित एवं अनारक्षित प्रवेशार्थियों की मेरिट सूची वरिष्ठता क्रम में 16 जुलाई 2026 को सूचना-पट्ट पर चस्पा कर दी जाएगी। यदि मेरिट सूची में किसी प्रवेशार्थी को त्रुटि प्रतीत हो तो प्रवेशार्थी संशोधन हेतु तत्काल प्राचार्य को सप्रमाण अपनी आपत्ति दर्ज कराएगा।**

प्रवेश प्रक्रिया – अनारक्षित संवर्ग की सीटों पर (वरिष्ठता क्रम से) दिनांक **21 जुलाई 2026** को प्रवेश लिया जाएगा। इसके लिए अर्ह छात्र/छात्रा प्रातः **10:00 बजे से** दोपहर **2:00 बजे** तक प्रवेश समिति के समक्ष उपस्थित होकर अपने आवश्यक शैक्षणिक, आरक्षण एवं अधिभार के मूल प्रमाण-पत्र के साथ प्रवेश लें।

अनारक्षित संवर्ग में सामान्य श्रेणी, ई.डब्ल्यू.एस., **विकलांग वर्ग एवं अन्य आश्रित श्रेणी** के छात्र/छात्राओं का प्रवेश दिनांक **21 जुलाई 2026** को ही सम्पन्न हो जाएगा।

अनारक्षित श्रेणी की सीट समाप्त हो जाने पर आरक्षित वर्ग (**अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति**) के प्रवेशार्थियों का प्रवेश दिनांक **21 जुलाई 2026** को प्रातः **10:00 बजे** से दोपहर **2:00 बजे** तक सुसम्पन्न होगा। प्रवेश तिथि पर ससमय अनुपस्थित रहने पर प्रवेशार्थियों का अभ्यर्थन स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा।

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
जक्खिनी, वाराणसी

प्राचार्य
राजकीय महाविद्यालय
जक्खिनी, वाराणसी